तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 30 जुलाई 2025




20 साल से सीसी रोड की बाट जोह रहा है बेलमांड गांव 13



नाग पंचमी पर शिवभक्ति में डूबा शहर : झमाझम ... 14




B.M. COLLEGE
BCA | BBA
PGDCA | B.Ed.
आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065


प्रदर्शन

ग्रामीण महिलाओं विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने निकाली आक्रोश रैली

# धर्मांतरण, अवैध प्रार्थना सभा और गौ तस्करी का विरोध





हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले के अंदर धर्मांतरण, अवैध प्रार्थना सभा व गौ तस्करी और हीरापुर में कब्रिस्तान की मांग के विरोध में सुबह से हो रहे बारिश के बीच ग्राम हीरापुर के सैकड़ों ग्रामीण महिलाओं व विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शहर के अंदर आक्रोश रैली निकाली। हीरापुर से प्रारंभ यह रैली नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए तहसील कार्यालय बालोद पहुंची, जहां एसडीएम को मांगपत्र व ज्ञापन सौंपा। इसके बाद आक्रोश रैली में शामिल सभी ग्रामीणजन ट्रैक्टरों में सवार होकर जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे व धर्मांतरण के विरोध में जोरदार नारेबाजी की गई।धर्मांतरण, गौ तस्करी व कब्रिस्तान की मांग को लेकर रैली में शामिल सैकड़ों सनातन हिन्दू समाज के लोग काफी आक्रोशित थे। शहर में हो रहे बारिश के बीच भी रैली में शामिल लोगों का जोश कम नहीं हुआ।

आरोप लगाया गया कि जिले में सनातन हिंदू धर्म समाज को कमजोर करने, आपस में बांटने व समाज के बीच वैमनस्यता फैलाने का काम लंबे समय से कुछ धर्मांतरित हिंदू ईसाई द्वारा गैर कानूनी रूप से मतांतरण व धर्मांतरण को बढ़ावा ▸▸| शेष पेज 12 पर




## हिन्दू परिवारों के मतांतरण का आरोप

हीरापुर के ग्रामीणों ने बताया कि बालोद शहर से लगे ग्राम हीरापुर में अवैध प्रार्थना सभाओं का आयोजन कर कई हिन्दू परिवारों का मतांतरण करवा दिया गया है, अब धर्म परिवर्तित कुछ परिवारों के साथ मिलकर ईसाई मिशनरी के कुछ लोगों द्वारा लगातार गांव के आपसी सौहाद्र को बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे गांव का वातावरण बिगड़ने लगा है। ग्राम हीरापुर में कुछ लोगों ने प्रशासन से हीरापुर में (ईसाई) कब्रिस्तान की मांग किये हैं। जबकि सभी के नाम में हिंदू धर्म का जातिसूचक सरनेम का उपयोग किया गया है। इनके अनुसार ये वर्षों से ईसाई धर्म को मानते आ रहे हैं तो कानूनन इनको ईसाई कब्रिस्तान में ही दफन करना होगा और इनके लिए बालोद शहर में ईसाई कब्रिस्तान उपलब्ध है। मात्र 9 परिवार द्वारा हीरापुर में भूमि की मांग कर शांत माहौल को बिगाड़ने का काम किया जा रहा है। मांग की कि हीरापुर में कब्रिस्तान के लिए भूमि मांगपत्र को खारिज किया जाए।

## नहीं मिलेगी कब्रिस्तान के लिए जगह

जिला प्रशासन से चर्चा के बाद निर्णय हुआ कि हीरापुर में कब्रिस्तान के लिए जगह नहीं दी जाएगी, वहीं जिले के अंदर चल रहे अवैध प्रार्थना सभाओं पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक के साथ विश्व हिंदू परिषद व हीरापुर के ग्रामीणों की बैठक जिला कलेक्टर कक्ष में हुई, जिसमें अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई।

## आस्था के केंद्र मठ, मंदिरों पर हमले बढ़े

जिले के ग्राम सनौद व हीरापुर में दो पक्षों में विवाद की स्थिति भी ऐसे ही कारणों को लेकर बना हुआ है। जिले के अंदर हिंदू धर्म समाज के आस्था के केंद्र बिंदु मठ मंदिरों पर हमले बढ़े हैं। वहीं मंदिरों को तोड़कर देव प्रतिमाओं को खंडित करने का काम पूर्व में डौंडीलोहारा ब्लाक के वनांचल ग्राम पिपरखार गोटीटोला में बने हनुमान मन्दिर में किया गया, जिसकी जांच अब तक पूरी नहीं की गई है। वहीं वर्तमान में बालोद शहर से लगे ग्राम ओरमा के शिवलिंग व मंदिर को भी कुछ धर्मविरोधियों द्वारा नुकसान पहुंचाया गया है। जिले के अंदर दो बड़े मवेशी बाजार क्रमशः खेरथा बाजार (डौंडीलोहारा) व करहीभदर (बालोद ब्लाक) से कुछ गौ तस्कर मवेशी खरीदी बिक्री की आड़ लेकर गलत तरीके के कार्यों को अंजाम दे रहे हैं व गौमाता की तस्करी कर सीमावर्ती जिलों में भेज रहे हैं। हाल की घटनाओं में देहान जंगल, तांदुला किनारे से लगे मार्ग, बड़भूम सड़क मार्ग, चारामा से लगे बालोद जिला के सीमावर्ती गांवों की ओर से लगातार मवेशी तस्करी हो रही है। वहीं डौंडी नगर पंचायत के गौठान से बड़ी संख्या में मवेशी गायब कर दिए, जिसका सही जांच कर अन्य दोषियों की भी गिरफ्तारी किया जाए।

# गौ तस्करी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद



- दो आरोपी महाराष्ट्र से गिरफ्तार अब तक 6 लोग पकड़े गए

कार की डिग्गी में भरकर दो गायों को ले जा रहे आरोपियो व उसके गिरोह को पकड़ने मे पुलिस को सफलता मिली है। आरोपी कार के खराब होने पर कार को छोड़कर भाग गए थे। जिसमे छग से गौवंश की तस्करी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए पुलिस ने 02 आरोपियो को महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। वही 06 आरोपियो को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मामले मे 17 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिला था कि ग्राम डुडिया के पास रोड किनारे एक मारूति सुजुकी कार रिट्ज क्रमांक एमएच 02 बीआर 4917 मे दो नग गाय को ठुंसकर भरा गया है, जिसे देखने से प्रतीत हो रहा है कि किसी अज्ञात्र व्यक्ति के द्वारा गौवंश को कत्लखाना ले जाया जा रहा था।

सूचना पर थाना अर्जुन्दा पुलिस द्वारा तस्दिक हेतु घटना स्थल डुडिया जाकर देखा तो 02 नग गाय कार के अंदर ठुंसकर, पैरो को बांधकर भरा गया था। वाहन चालक मौके से कार खराब होने के कारण फरार हो गया था। थाना अर्जुन्दा मे अज्ञात अरोपियो के विरूद्व धारा छ0ग0 कृषिक पशु परि,अधि. 4, 6, 10, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम 11 (डी) पंजीबद्व कर विवेचना मे लिया गया। 02 नग गौवंश का स्वास्थय परीक्षण कराकर सुरक्षार्थ महावीर गौशाला बालोद मे दाखिल किया गया। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए आरोपी पतासाजी हेतु सायबर एवं थाने की संयुक्त टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्रिनयन एप की सहायता से बालोद जिले के सीसीटीव्ही फुटेज को खंगालने से आरोपियो का सुराग मिला जिसका पिछा करते हुए राजनांदगांव, नागपुर मार्ग मे लगे करीब 50 सीसीटीव्ही कैमरा के फुटेज का अवलोकन किया गया, सर्वप्रथम साकोली नागपुर टोल प्लाजा मे आरोपी वाहन को घटना दिनांक के दिन राजनांदगांव मार्ग मे आने का फुटेज प्राप्त हुआ, साकोली टोल प्लाजा से भी उक्त रिट्ज वाहन के क्रास करने के फुटेज मिले। पुलिस टीम के द्वारा महाराष्ट्र नागपुर मे थाना कलमना पुलिस की मदद से आरोपियो कि पहचान बेलेनगर थाना कलमना जिला नागपुर निवासी आबिद अंसारी एवं विकास सिक्रेट डिसोजा के रूप मे हुई। तब दोनो आरोपियो के घर देर रात्रि दबिश देकर दोनो को हिरासत मे लेकर पुछताछ किया गया, जिन्होने अपराध करना स्वीकार किया तथा घटना मे शामिल अन्य 04 आरोपीगणो के बारे मे जानकारी दिया। अन्य आरोपिगण छ0ग0 के होने से वापस छ0ग0 ▸▸| शेष पेज 12 पर

खबर संक्षेप

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच जारी

**बालोद।** अपने मामा के यहां रहकर रोजी मजदूरी कर अपना व अपने परिवार का पालन पोशण करने वाले एक व्यक्ति ने सुबह अपने कमरे के छत के लोहे के एंगल मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक ने ऐसा कदम क्यो उठाया इसकी जांच मे पुलिस जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बघेरा निवासी सोनसिंह ठाकुर 25 वर्ष पिछले 4 सालो से अपने मामा के यहां ग्राम कांदुल मे रहकर निवास कर रहे थे, जहां उन्होने अपना मकान भी बना लिया था तथा उनका शादी भी हो गया था। जहां उनका एक बच्चा भी है, घर के सभी सदस्य अपने अपने काम पर जाने के लिए निकल रहे थे। तभी युवक घर मे आया और कमरे मे चला गया, जब युवक बहुत देर बाद भी कमरे से बाहर नही आया तो उसे आवाज लगाई, लेकिन युवक ने दरवाजा नही खोला जिसके बाद परिजनो और ग्रामीणो ने जैसे तैसे दरवाजा खोला तो युवक कमरे के अंदर छत के लोहे के एंगल मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। जिसके बाद पुलिस ने पहुंचकर शव का पंचनामा किया तथा पीएम के बाद शव को परिजनो को सौप दिया। युवक ने ऐसा कदम क्यो उठाया इसी जांच मे पुलिस जुटी हुई है।

## पुलिस की छापेमारी में 13 जुआरी गिरफ्तार

**बालोद।** ब्लाक के ग्राम हीरापुर मे पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए ग्राम हीरापुर के एक घर मे जूआ खेल रहे 13 लोगो को पकड़ने मे पुलिस ने सफलता प्राप्त की है। जिसमे पुलिस ने 13 लोगो के पास से कुल 8750 रुपये, 52 पत्ती तास जप्त किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शाम को थाना बालोद में मुखबीर ने मोबाईल के माध्यम से सूचना दिया कि ग्राम हीरापुर में हरिराम निषाद के घर में हरिराम द्वारा कुछ व्यक्तियों को 52 पत्ती ताश से हार जीत का दांव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेलवा रहा है। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ग्राम हीरापुर मे हरिराम निषाद के ▸▸| शेष पेज 12 पर

# तहसीलदार की हड़ताल से दफ्तर में काम-काज ठप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

भू-अधिकार पत्र, नामांतरण, नक्शा, खसरा, डायवर्सन समेत अन्य राजस्व संबंधी सेवाएं प्रभावित हुई



नगर सहित पूरे क्षेत्र में तहसीलदार और नायब तहसीलदारों की हड़ताल का असर साफ देखने को मिल रहा है। राजस्व कार्यालयों में ताले लटके हुए हैं और आमजन के जरूरी कार्य ठप हो गए हैं। भू-अधिकार पत्र, नामांतरण, नक्शा, खसरा, डायवर्सन समेत अन्य राजस्व संबंधी सेवाएं पूरी तरह से रुक गई हैं।

राजस्व विभाग के अधिकारियों के अनुसार बताया जा रहा है कि, तहसीलदार संघ और नायब तहसीलदार संघ अपनी लंबित मांगों को लेकर राज्यव्यापी आंदोलन पर हैं। इनमें समयमान वेतनमान, पदोन्नति, सुरक्षा व्यवस्था और कार्यभार की अधिकता जैसे मुद्दे प्रमुख हैं। हड़ताल के चलते किसानों, व्यवसायियों और आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

राजस्व कार्यालय में पहुंचे उपेंद्र कुमार साहू, गोपाल, निखिल, राम प्रसाद, कृष्णा, शाहरुख आदि लोगों ने बताया कि बिना काम के लौटना पड़ रहा है, जिससे आक्रोश भी देखा जा रहा है। आंदोलनरत अधिकारियों का कहना है कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लेती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। प्रशासनिक कामकाज ठप होने से विकास कार्यों पर भी असर पड़ रहा है। अब सबकी निगाहें सरकार की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं।




# जिला प्रशासन के कार्यों को सफलता मिलती है अधिकारी और कर्मचारियों से

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि 15 अगस्त को जिले में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह भव्य एवं गरिमामय ढंग से आयोजित हो। कलेक्टर मिश्रा संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए राष्ट्रीय पर्व के गरिमा के अनुरूप जिले में उत्कृष्ट समारोह के आयोजन हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों सहित समाज के सभी वर्गों के सहयोग से पिछले 20 जुलाई को जिले में वृहद पौंधारोपण कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन की भूरी–भूरी सराहना की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के इस महत्वपूर्ण कार्य को सफल बनाने में जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों ने पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की है। इसके लिए उन्होंने पूरे बालोद जिलेवासियों के साथ जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जिले में पौधारोपण का कार्य निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों से रोपे गए पौधों का सुरक्षा एवं देखरेख के कार्य में सहयोग करने को कहा।



## ई-ऑफिस क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा

बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने जिले में ई–आफिस क्रियान्वयन कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम से जिले में ई–आफिस क्रियान्वयन कार्य के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों से अपने–अपने विभागों में शत प्रतिशत ई–आफिस क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। मिश्रा ने पुराने स्कूल, आंगनबाड़ी एवं अन्य शासकीय भवनों की स्थिति के संबंध में जानकारी लेते हुए जर्जर भवनों को तत्काल डिस्मेंटल कराने के निर्देश भी दिए।

## जिला स्तरीय समारोह की व्यापक तैयारी

बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन की विस्तृत समीक्षा की। जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय समारोह के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों को सौपे गए दायित्वों की भी जानकारी दी। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को स्वतंत्रता दिवस आयोजन के संबंध में सौंपे गए कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को रिहर्सल के दौरान कार्यक्रम स्थल में अनिवार्य रूप से अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कराने को कहा। बैठक में उन्होंने ध्वजारोहण, परेड की सलामी, मंच संचालन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, बैठक व्यवस्था, पार्किंग एवं विद्युत व्यवस्था आदि सभी व्यवस्थाओं की बारी–बारी से समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने छत्तीसगढ़ ▸▸| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### 9 महीने से नहीं कराया पीएफ जमा, धरने पर मजदूर

**दुर्ग।** सोमवार को एसीसी सीमेंट प्लांट अदाणी समूह जामुल में काम करने वाले मजदूरों ने धरना शुरू कर दिया है। उनका आरोप है कि ठेकेदार ने उनका 9 माह का पीएफ जमा नहीं कराया गया। इस वजह से उन्होंने गेट को जाम कर दिया है। उन्होंने बताया कि प्रायः सभी ठेकेदारों के अंतर्गत कार्यरत मजदूर सबेरे 8 बजे जनरल शिफ्ट में काम में पहुंचते हैं। सोमवार की सुबह पीएफ को लेकर चल रही चर्चा के बाद निर्णय नहीं होने पर गेट को जाम कर दिया गया। एसीसी सीमेंट प्लांट का संचालन अदाणी समूह द्वारा किया जा रहा है। मजदूर नाराज होकर बोगदा पुल के पास धरने पर बैठ गए हैं। उन्होंने मामले में निर्णय नहीं होने पर और भी उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

### सब्जी उत्पादन और विक्रय से बदली किस्मत

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन "बिहान" के माध्यम से आत्मनिर्भरता की



मिसाल बनी केतकी बाई पटेल आज "लखपति दीदी" के नाम से जानी जाती हैं। जनपद पंचायत दुर्ग के आमटी ग्राम की निवासी और प्रगति महिला स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष केतकी दीदी ने सब्जी उत्पादन और विक्रय से अपनी मेहनत और निश्चय के बल पर आर्थिक समृद्धि हासिल की है। शुरुआत में संघर्ष करना पड़ा, फिर समूह से उनको सहारा मिला। समूह से जुड़ने से पहले दीदी के पास संसाधनों की कमी थी। सब्जी उत्पादन की इच्छा होते हुए भी आर्थिक तंगी के कारण वे इसे बड़े स्तर पर नहीं कर पा रही थीं। जब उन्हें बिहान योजना की जानकारी मिली, तो उन्होंने स्वयं पहल कर महिला साथियों के साथ स्व-सहायता समूह का गठन किया। छोटी-छोटी बचत करके अपने समूह को सशक्त बनाई। उसके उपरांत उन्होंने बैंक लिंकेज के माध्यम से 30 हजार का लोन लिया और सब्जी उत्पादन का कार्य प्रारंभ किया।

### वार्ड 33 संतोषी पारा में जल्द बनेगा डोम शेड, किया गया भूमिपूजन

**दुर्ग।** वार्ड 33 न्यू संतोषी पारा वार्डवासियों एवं दुर्गा पूजा समिति द्वारा कई वर्षों की मांग आज पूरी हुई। 16 लाख का डोम शेड निर्माण का भूमिपूजन किया गया। जोन 3 अध्यक्ष जालंधर सिंह इस अवसर पर प्रमुख रूप से मौजूद थे। वार्ड 33 संतोषी पारा पार्षद शैलजा राजू ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। जालंधर सिंह ने कहा कि कार्य का गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। काम समय पर पूरा किया जाए। प्रयास रहे कि पब्लिक को काम के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी न उठानी पड़े। कार्यक्रम में महो साव, धनराजू, बोलबम गुप्ता, रामेश्वर नागतोडे, मंजीत वर्मा, शिव यादव ब्रिजेश चौधरी, मिंटू साव, अमरजीत साव, अजीत साव, विकास सिंह, लोचन साव, बलराम प्रसाद, अर्जुन प्रजापति, पुष्पा यादव कमला देवी साव, दीपक कुमार, चंदन साव, कविता, नफीसा बनो सहित अन्य मौजूद थे।

### मनी लॉन्ड्रिंग व बड़े अपराध में संलिप्तता बता लगातार 7 दिन तक करते रहे परेशान

# डिजिटल अरेस्ट: सीबीआई का अफसर बताकर साढ़े 12 लाख ठगे, 2 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्विनसिटी में डिजिटल अरेस्ट के मामले में लगातार बढ़ते जा रहे हैं। सोमवार को एक और मामला सामने आया, जिसमें सेक्टर-7 निवासी शोभा झा को 7 दिनों तक आरोपी ब्लैकमेल करते रहे। आरोपियों ने अपने आपको सीबीआई और क्राइम ब्रांच का अफसर बताया। इसके बाद मनी लॉन्ड्रिग और बड़े अपराध में संलिप्तता बताते हुए साढ़े 12 लाख रुपए ठग लिए।

आरोपियों ने लगातार दबाव बनाया और डराने का प्रयास किया। परेशान होकर महिला ने इसकी शिकायत पुलिस से की। इसके बाद पुलिस ने पूरे मामले में जांच कर दो आरोपियों को फतेहपुर यूपी से गिरफ्तार किया। आरोपियों में शहबाज उर्फ फैजल अहमद मवाना मेरठ और अनस खान सिविल लाईन फतेहपुर शामिल हैं। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। बहरहाल इस पूरे मामले में पुलिस की जांच जारी है। बता दें कि इस मामले में आरोपियं ने फर्जी कॉल सेंटर में आधुनिक मशीन कॉल कन्वर्टर के माध्यम से अपनी पहचान छिपाने का प्रयास किया, लेकिन वे पकड़े गए। आरोपियों के कब्जे से 3 कॉल कन्वर्टर मशीन, 01 लैपटॉप, 105 सीम, 05 मोबाइल जब्त किया गया है। इस पूरे मामले में जांच भिलाई नगर पुलिस और साइबर सेल ने मिलकर की।

#### एएसपी सिटी सुखनंदन राठौर ने पूरे मामले का किया खुलासा



#### फतेहपुर से सिम खरीदने की मिली जानकारी, पकड़े गए आरोपी

पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान मोबाईल नंबर का पता चला। उक्त सीम फतेहपुर का होने की जानकारी मिली। इसके अलावा बैंक खातों की जानकारी लेकर तकनीकी विश्लेषण किया गया। पता चला कि संदिग्ध गतिविधि और ठगी के लिए सीम का इस्तेमाल किया गया। सीम कलेक्ट कर अनावेदक फैजल को उपलब्ध कराना पाया गया। फैजल द्वारा फतेहपुर में किराये के मकान में कॉल कन्वर्टर मशीन एवं आधुनिक सॉफ्टवेयर के माध्यम से एक समय में लगभग 90 से 100 सीम का उपयोग करने का खुलासा हुआ। आरोपी सॉफ्टवेयर का उपयोग पहचान छिपाने के लिए कर रहा था। जानकारी के बाद आरोपी पकड़े गए।

#### 1 जुलाई को पहली बार आया फोन, इसके बाद से धमकाते रहे आरोपी, 3 कॉल कन्वर्टर भी जब्त

पुलिस ने बतायाकि मामले में शोभा झा को पहली बार फोन 1 जुलाई को अज्ञात नंबर से आया। आरोपियों ने अपने आप को सीबीआई और काईम ब्रांच कोलावा का अधिकारी बताया। साइबर ठग ने शोभा को धमकी दी कि आप किसी बड़े अपराध में संलिप्त हैं। आपने मनी लॉनड्रिंग, पैसों की ठगी आदि अपराध कारित किए हैं। इसमें आपके विरुद्ध आईपीसी की धारा 198, 223, 420 का अपराध दर्ज है। 5 दिन तक आवास पर ही डिजिटल अरेस्ट कर रखा रहा। जेल भेजने की धमकी दी गई।इसके डर कर आवेदिका ने अपनी जमा पूंजी एवं अपने गहनों को मुथूट फायनेंस में गिरवी रखकर अपने पेंशन खाते में रकम एकत्र किया। आपरोपियों द्वारा बताये गये बैंक खातों में आरटीजीएस के माध्यम से 12,50,000 रुपए ट्रांसफर किया।घटना की सूचना प्राप्त होने पर मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की गई। इसके बाद आरोपी पकड़े गए।





## किसानों के आंदोलन पर कुसुमकसा में पहुंचा यूरिया और एसएसपी खाद

हरिभूमि न्यूज. बालोद-कुसुमकसा

- किसानों ने शुरू किया उठाव, मिली राहत

कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि सेवा सहकारी समिति कुसुमकसा में यूरिया तथा एसएसपी उर्वरक का किसानों द्वारा लगातार उठाव किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि विगत दिनों कुसुमकसा के समीप किसानों ने सहकारी समिति में यूरिया का पर्याप्त भण्डारण नहीं होने की शिकायत जिला विपणन अधिकारी से की थी। जहां जिला विपणन अधिकारी द्वारा किसानों से चर्चा कर उन्हें समिति में पर्याप्त यूरिया एसएसपी उर्वरक के भण्डारण का आश्वासन दिया गया था। उप संचालक ने बताया कि 29 जुलाई की स्थिति में सेवा सहकारी समिति, कुसुमकसा में यूरिया 126 मी.टन, एस.एस.पी. 40.55 मी.टन तथा एम.ओ.पी. 25.85 मी.टन उर्वरक उपलब्ध है। सहकारी समिति में उर्वरक उपलब्ध होते ही कृषकों द्वारा लगातार उर्वरकों का उठाव किया जा रहा है। जिला बालोद में खरीफ वर्ष 2025 हेतु उर्वरकों का सहकारी क्षेत्र में 57821 मी.टन का लक्ष्य है, जिसके विरूद्ध 38761 मी.टन. का भण्डारण तथा 35504 मी.टन का उठाव किया जा चुका है। इसी तरह निजी क्षेत्र में 19486 मी.टन का लक्ष्य था, जिसके विरूद्ध 15735 मी.टन का भण्डारण किया जा चुका है एवं 14596 मी.टन का उठाव किया जा चुका है। वर्तमान स्थिति में सहकारी क्षेत्र में 3257 मी.टन तथा निजी में 1138 मी. टन उर्वरक उपलब्ध है। जिले में लगातार उर्वरक भण्डारण एवं वितरण का कार्य जारी है।

### मृतक के परिजन को मिली 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। ग्राम करेला डीही तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी खेमलाल कश्यप की विगत 5 सितंबर 2024 को तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई थी। शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. खेमलाल की पत्नी विजयलक्ष्मी कश्यप को 4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## जनदर्शन में समस्याओं का हुआ निराकरण

**बालोद।** संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन जिले के विभिन्न स्थानों से आये लोगों की मांग और समस्याओं के लिए राहत भरा साबित हुआ।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों से बातचीत कर उनकी मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आवेदकों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई के निर्देश भी दिए। जनदर्शन में ग्राम पलारी के परमेश्वर साहू ने सहायता राशि दिलाने, ग्राम नैकूरा के आनंदराम ने पीएम आवास की स्वीकृति दिलाने, ग्राम कसहीकला के समलिया राम ने



क्षतिपूर्ति राशि दिलाने, कोबा के वासुदेव ने खाता विभाजन कराने, ग्राम कोपेडेरा के हरीशचन्द्र ने भूमि का पट्टा दिलाने, ग्राम मुड़खुसरा के भुवनेश्वर साहू ने विद्युत पोल हटाने, ग्राम मुजगहन के ग्रामीणों ने अवैध कब्जा हटाने एवं ग्राम देवरी द के घनश्याम ने विद्युत कनेक्शन दिलाने, ग्राम चिरईगोड़ी निवासी कोमलराम ने मनरेगा मजदूरी दिलाने की मांग की। जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में लोग कलेक्टर से मुलाकात करने पहुंचे थे। कलेक्टर मिश्रा ने जनदर्शन में पहुंचे लोगों से बारी-बारी से मुलाकात कर पूरी आत्मीयता से उनके मांगों एवं समस्याओं को सुना। मिश्रा ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से जनदर्शन में पहुंचे लोगों की मांगों एवं समस्याओं के समुचित निराकरण के लिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

## आप आने वाले समय में नए सदस्यों को देगा बड़ी जिम्मेदारी, कार्यकर्ता रहे तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आम आदमी पार्टी ने आगामी निकाय चुनाव को देखते हुए तैयारी शुरू कर दी है। आप के नेताओं की मानें तो भिलाई निकाय चुनाव में पार्टी सभी 70 वार्डों में चुनाव लड़ेगी। इतना ही नहीं रिसाली, भिलाई-चरोदा और जामुल पालिका में भी पार्टी अपना उम्मीदवार उतारेगी। इस बार पूरी ताकत के साथ वार्डों में चुनाव लड़ा जाएगा। इसे



लेकर तैयारी तेज कर दी है। नए सदस्य बनाए जाने के लिए अभियान शुरू कर दिया गया है। साथ ही घोषणा की गई कि नए सदस्यों को बड़ी जिम्मेदारी देकर मैदान में उतारा जाएगा।प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने बताया कि अब तक 14 जिलों की बैठक हो चुकी है।

आगामी एक सप्ताह में सभी जिलों में जिला स्तरीय मीटिंग पूरी हो जाएगी।पश्चात जोनस्तरीय सम्मलेन रखा जाएगा। प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा कि दुर्ग जिले का कार्यकर्त्ता सम्मलेन सुपेला में हुआ। जिले के कोने-कोने से सैकड़ों कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे।

## जेंवरतरा में बाल संस्कार शाला प्रारंभ बच्चे सीखेंगे स्वस्थ रहने की कला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन मे गायत्री प्रज्ञा पीठ जेवरतला के कला मंच में बाल संस्कार शाला का शुभारंभ किया गया। जिसके मुख्य अतिथि सभापति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर थे। अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत जेवरतला लिलेशवरी साहू ने किया। विशेष अतिथि संयोजक हीरक मंडल मोहारा यशवंत साहू, चंद्रकिरण साहू, नीलिमा साहू, मीना साहू, लखनलाल साहू, खोरबाहरा साहू, नरेन्द्र सिंह साहू उपस्थित थे।

संस्कारशाला में कक्षा 5वीं से 8वीं के लगभग 40 बच्चे की उपस्थिति हुई थी। मुख्य अतिथि डॉ गंजीर ने सभी बच्चों को हर रविवार को सुबह 10 बजे उपस्थित होने के लिए कहा गया और कपड़ा साफ



सुथरा पहनकर आने के लिए बोला गया है। बाल संस्कार शाला मे संस्कार के बारे में जानकारी दी जाती है और सभी बच्चों को संस्कार दिया जाता है और अपने माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान करने के लिए कहा गया। बाल संस्कार शाला में पढ़ाई के साथ स्वस्थ रहने की कला जीवन जीने की कला के बारे में जानकारी दिया जाता है। बाल संस्कार शाला में कविता, चुटकुला और खेलकूद भी खेलाया जाता है और जिसका भी जन्मदिन रहता है उसका बड़े ही उत्साह के साथ दीप जलाकर जन्मदिन मनाया जाता है। संस्कारशाला के आचार्य हेमपुष्पा साहू, रीमा, यामिनी साहू, दुर्गेश, नंदिनी, किरणलता, अब ग्राम जेवरतला के ग्रामीण उपस्थित थे।

## विकासखंड स्तरीय कला उत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विकासखंड स्तरीय कला उत्सव का आयोजन शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौडी लोहारा में कराया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ व्याख्याता एल के ठाकुर, यू सी अग्रवाल, प्रदीप मेश्राम और निर्णायक गण द्वारा मां शारदा को दीप पुष्प अर्पित कर प्रारंभ किया गया। सरस्वती शिशु मंदिर डौंडी लोहारा की छात्रा जागृति कोलियारे और नमन ने सरस्वती वंदना का गायन किया।

नोडल कार्यक्रम प्रभारी ऐनुका शार्वा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए, कार्यक्रम की नियम शर्तों से सभी को अवगत कराया, तत्पश्चात क्रमवार सभी प्रतियोगिताओं का आयोजन सुनिश्चित कराया। पूर्व की तुलना में इस वर्ष कला उत्सव में कुछ परिवर्तन किया गया है। अब हर विधा से केवल प्रथम छात्र या छात्रा





ही जिले में प्रतिनिधित्व करेंगे। इस प्रकार गायन, वादन, चित्रकला, मूर्ति कला और नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विकासखंड से कई स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया और निर्णायक के रूप में प्राचार्य अनीता सिंह, यू सी अग्रवाल, व्याख्याता प्रदीप मेश्राम, सीमा सुशील जामवंते, मुनमुन सिन्हा,विजय पटेल ,प्रफुल्ल देशमुख उपस्थित थे। प्रतियोगिता में एकल नृत्य में रूहानी साहू, भूमिका एवं साथी सामूहिक हाई स्कूल भरदा से, सामूहिक गायन सुरुचि एवं साथी, मोनो प्ले में माही साहू सेजेस लोहारा ने प्रथम स्थान और एकल गायन में डीलेश्वरी, चित्रकला में हेमा रावते बालक उ मा विद्यालय डौंडी लोहारा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

भविष्य में ये बच्चे जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में डुप्ले साहू, सौरभ शर्मा, हेमंत साहू, कपिल पटेल, निधि यादव, तिलेश्वरी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का समापन मुनमुन सिन्हा और सीमा सुशील जामवंते ने सर्वधर्म प्रार्थना के साथ किया। चयनित विद्यार्थियों को विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अश्विन साहू और पवन मालेकर ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## पेज 11 के शेष

### धर्मांतरण, अवैध प्रार्थना ...

देने गांव गांव में अपने घरों में अवैध प्रार्थना सभा का संचालन कर रहे हैं। इनके द्वारा किये जा रहे ऐसे धर्मविरोधी कार्य से शहर, नगर सहित बालोद जिला के कई ग्रामों में आपसी विवाद की स्थिति निर्मित हुआ है। वहीं कई स्थानों पर भविष्य में बड़ी घटना होने की आशंका भी बना हुआ है। आक्रोश रैली में शामिल संगठन द्वारा कुछ चिन्हित स्थानों की जानकारी प्रशासन को दिया गया वही बताया गया कि बालोद शहर से लगे गांव हीरापुर, सिवनी, कुन्दरूपार, डौंडी नगर, मरकाटोला गुदुम, डौंडीलोहारा नगर, पसौद, साल्हे बाजार, संजारी, रानाखुजजी, अर्जुन्दा के मनकी, माहूद बी, गुण्डरदेही के रेंगाकठेरा, दल्ली राजहरा के वार्ड 5, चिखलाकसा सिनेमा टाकीज के सामने, गुरुर क्षेत्र के धनोरा, सनोद, भोथली सहित अन्य स्थानों पर तेजी के साथ अवैध प्रार्थना सभाओं का प्रचलन बढ़ा है। जिसको बंद करने की मांग किया गया। आक्रोश रैली में जिला विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष बलराम गुप्ता, विनोद साहू, जिला मंत्री राजेश सोनी, पोषण बनपेला, अजय अग्रवाल, सत्या साहू, पूजा जैन, नीलेश श्रीवास्तव, रूपेश सिन्हा, शंकर साहू, उमेश सेन, मोनू सोनवानी, हीरापुर सरपंच सहित अध्यक्ष ग्राम विकास समिति हीरापुर हेमंत साहू, कुशल ठाकुर, रमेश निषाद, हेमराज साहू, खिलावन निषाद, शंतानु निषाद, कुबेर निषाद, परमानंद साहू, बिहारी यादव, कुंजलाल साहू, संतराम, सोना साहू, साहू, उषा साहू, प्रदीप मिनपाल, परस साहू, बोधन भट्ट, जितेंद्र साहड़ा, रोमा राय, मुरली साहू, जयंत साहू, चौलेश देशमुख, मुरली साहू, तुषार डिमर, कमल बजाज, सोनू भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में हिन्दू धर्म समाज के लोग शामिल रहे।

### गौ तस्करी करने ...

आकर घटना मे शामिल चारो आरोपी क्रमशः उतई निवासी विकास गिरी गोस्वामी, ग्राम नाहंदा थाना गुण्डरदेही निवासी फगुआ धनकर, गुरेदा थाना गुण्डरदेही निवासी हिमांचल यादव, गुरेदा निवासी खेमलाल देवांगन को हिरासत मे लिया गया। पुछताछ मे सभी ने घटना मे शामिल होना स्वीकार किया। जिन्हे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड मे भेजा गया।

### पुलिस की छापेमारी ...

मकान में पहुंची, जहां पुलिस को घर मे आते देख आरोपियो द्वारा इधर उधर भागने का प्रयास किया गया, लेकिन पुलिस द्वारा सभी 13 आरोपियो को घर मे ही समेट तलाशी ली गई जहां आरोपियो के पास से पैसे व ताश बरामद किया गया। जिसके बाद पुलिस ने ग्राम हीरापुर निवासी सुरेश कुमार साहू पिता रिहुराम साहू 52 वर्ष, आत्मा राम निषाद पिता बुधियार निषाद 58 वर्ष, चिन्ता राम निषाद पिता रुपराम निषाद 35 वर्ष, धर्मेन्द्र साहू पिता दशरथ साहू 32 वर्ष, योगेश्वर यादव पिता चरण यादव 27 वर्ष, संतोष कुमार यादव पिता खम्भन राम यादव 31 वर्ष, प्रदीप साहू पिता मदन लाल साहू 21 वर्ष, दुर्बासा राम ठाकुर पिता उदय राम ठाकुर 40 वर्ष, परसु राम साहू पिता अघनु राम साहू 50 वर्ष, उमेश कुमार निषाद पिता संतराम निषाद 28 वर्ष, हरिराम निषाद पिता पुन्नु राम निषाद 48 वर्ष, यशवंत साहू पिता कोमल साहू 24 वर्ष, गिरवर साहू पिता उमेन्द राम साहू 50 वर्ष को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से नगदी रकम 8750 रुपये व 52 पत्ती तास जप्त किया गया है।

### जिला स्तरीय समारोह ...

राज्य निर्माण के 25वां वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती वर्ष 2025-26 के आयोजन के तैयारियों के संबंध में भी जानकारी दी। मिश्रा ने कहा कि रजत जंयती वर्ष के कार्यक्रम की रूप रेखा में सभी शासकीय कार्यालयों में साफ-सफाई समुचित व्यवस्था को मुख्य रूप से शामिल किया गया है। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों से अपने अधीनस्थ कार्यालयों में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने कार्यालय में रखे गए निष्प्रयोज्य सामग्रियों को भी डिस्पोज कराने हेतु त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

कांग्रेस का आरोप - व्यापमं की सख्ती बन रही महिला परीक्षार्थियों के लिए सजा

## परीक्षा में प्रवेश पूर्व मंगलसूत्र उतरवाना आत्मसम्मान पर हमला

**दल्लीराजहरा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) द्वारा आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर नए सुरक्षा नियमों ने परीक्षार्थियों के लिए परेशानी खड़ी कर दी है। विशेषकर महिला परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों में अपमानजनक स्थिति का सामना करना पड़ा, जहां उनसे शादी की पहचान से जुड़ी चीजें - जैसे मंगलसूत्र, चूड़ी, बाली, अंगूठी - उतरवाने को कहा गया।

इस विषय को लेकर कांग्रेस नेता एवं विधायक प्रतिनिधि रतिराम कोसमा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि, शासन सख्ती के नाम पर परीक्षार्थियों को प्रताड़ित कर रहा है। विवाहित महिलाओं से उनकी पहचान की चीजें जबरन उतरवाना, उनके आत्मसम्मान और गरिमा पर सीधा हमला है। यह मानसिक और शारीरिक पीड़ा देने जैसा है।



कोसमा ने बताया कि कुछ परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों को परिसर में ही कपड़े बदलने के लिए मजबूर किया गया, जिससे उन्हें अपमानित महसूस हुआ। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सुरक्षा के नाम पर तानाशाही रवैया अपनाते हुए, सैकड़ों परीक्षार्थियों को परीक्षा देने से वंचित कर दिया गया, जिससे उनकी महीनों-सालों की मेहनत बर्बाद हो गई। उन्होंने राज्य सरकार पर बेरोजगारों के प्रति असंवेदनशीलता का आरोप लगाते हुए कहा कि, सरकार नहीं चाहती कि युवा नौकरी पाए। भूपेश बघेल सरकार के समय प्रतियोगी परीक्षाएं निशुल्क थीं, बेरोजगारी भत्ता मिलता था और युवाओं को रोजगार के अवसर मिलते थे। अब परीक्षा केंद्रों में युवाओं को अपमानित किया जा रहा है। रतिराम कोसमा ने मांग की कि परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के साथ सम्मानजनक और मानवीय व्यवहार किया जाए। साथ ही, परीक्षा से वंचित हुए छात्रों के लिए पुनः परीक्षा आयोजित करने की आवश्यकता जताई। उन्होंने केंद्रों में हुए दुर्व्यवहार की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की बात कही।

## खबर संक्षेप



### करंट से मृत युवक के परिवार को मिली 4 लाख की सहायता राशि

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय स्थित अपने कक्ष में विद्युत दुर्घटना में मृत फलेश्वर यादव के पिता शिव कुमार को 4 लाख की सहायता राशि का चेक वितरण किया। विद्युत विभाग के कार्यापालन अभियंता ने बताया कि जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम घोघोपुरी निवासी फलेश्वर यादव 17 फरवरी को ग्राम सनौद में आयोजित शादी समारोह में बाजा बजाने आया था। विवाह कार्यक्रम के दौरान समारोह में लगाए गए टेंट में बिजली प्रवाहित होने पर वह टेंट में लगे लोहे के संपर्क में आने से फलेश्वर यादव की मृत्यु हो गयी थी। इस घटना के लिए छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी व राज्य सरकार द्वारा मुआवजे के प्रावधान के अनुसार मृतक के उत्तराधिकारी पिता शिवकुमार यादव को चेक के माध्यम से 4 लाख का मुआवजा राशि प्रदान किया गया है।

### आपदा से बचाव एवं राहत के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

**बालोद।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा दैवीय विपत्ती एवं प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत कार्य के संचालन हेतु जिला कार्यालय के रिसेप्शन कक्ष में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी देने या प्राप्त करने हेतु जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के दूरभाष क्रमांक 07749–223950 पर 24 घण्टे संपर्क किया जा सकता है। अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि अपर कलेक्टर अजय किशोर लकड़ा को दैवीय विपत्ति एवं प्राकृतिक आपदा के संबंध में नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी सिंचाई विभाग हीरालाल साहू को नियंत्रण कक्ष प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि नियंत्रण कक्ष के 24 घंटे सुव्यवस्थित संचालन हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अंतर्गत 1 से 31 अगस्त तक नियंत्रण कक्ष में सहायक ग्रेड 3 पुष्पा ठाकुर एवं भृत्य मधु यादव को सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह सहायक ग्रेड 3 बृजेश ठाकुर एवं भृत्य खेम प्रकाश का दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक तथा स्टोर क्लर्क भूपेन्द्र गोरे एवं भृत्य रविशंकर कचलाम का रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह 1 सितंबर से 30 सिंतबर तक सहायक ग्रेड 3 टामिन यादव एवं भृत्य जगदेश्वरी नायडू का सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक तथा सहायक ग्रेड 3 महेश्वरी ठाकुर का दोपहर 2 बजे से शाम 6 एवं भृत्य जय प्रकाश नायक का शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक तथा सहायक ग्रेड 3 दीपक कुमार मारगिया और भृत्य रविशंकर कचलाम का रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है।

परेशानी

बारिश में गड्ढों और कीचड़ से हाल बेहाल

# 20 साल से सीसी रोड की बाट जोह रहा है बेलमांड गांव





हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

बालोद जिला मुख्यालय से महज 9 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत बेलमांड की हालत आज भी मूलभूत सुविधाओं के अभाव में है। ग्राम की जनसंख्या लगभग 1670 है, लेकिन विकास की रफ्तार यहां थमी हुई नजर आती है।

ग्रामीण बिसौहा राम लेंडिया, परदेशी राम लेंडिया, पारख साहू, ऋतुपर्ण गजपाल, ईश्वर साहू, योगेश विश्वकर्मा, दिनेश लेंडिया, पुकेश साहू, लोचन साहू, मिथलेश साहू, प्रभुराम उर्वशा सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत भवन से लेकर पोषकरण साहू के घर तक की मात्र 500 मीटर की



गली अब तक सीसी रोड के इंतजार में है। यह मार्ग ग्राम का प्रमुख संपर्क मार्ग है, जिससे होकर ग्रामीण खेती-किसानी के लिए ट्रैक्टर, साइकिल, और पैदल आवागमन करते हैं। लेकिन हर साल बारिश के मौसम में कीचड़ और गड्ढों के कारण यहां से गुजरना मुश्किल हो जाता है। अखबार वितरण करने वाले वितरकों से लेकर आम ग्रामीणों तक को इस रास्ते से निकलने में भारी परेशानी उठानी पड़ती है।

ग्रामीणों का कहना है कि वे पिछले 20 वर्षों से इस मार्ग की मरम्मत व सीसी रोड निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। पूर्व सरपंचों द्वारा भी इस मुद्दे को कई बार उठाया गया, लेकिन केवल आश्वासन ही मिले। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस सड़क के निर्माण को स्वीकृति दी जाए, ताकि बरसात में होने वाली कठिनाइयों से निजात मिल सके और गांव का समुचित विकास सुनिश्चित हो सके।

### कीचड़ व टूटे बाउंड्रीवॉल से जूझते मुड़गहन के स्कूली बच्चे, हादसे की आशंका

**गुरूर।** प्राथमिक शाला मुड़गहन में बरसात में कीचड़ हो जाने से बच्चों को परेशानी उठानी पड़ रही है, क्योंकि प्राथमिक शाला प्रांगण में उचित जगह नहीं मिलने से बच्चों को खेलने में भी परेशानी उठानी पड़ रही है, वही स्कूल के प्रांगण में बड़े–बड़े पत्थर होने से बच्चों को कभी भी घटना घटने की आशंका बनी हुई है। पत्थरों के ढेर मे जहरीले सांप बिच्छु कीड़े होने का भी डर बना रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि प्राथमिक शाला का बाउंड्रीवॉल भी टूट गया है, बरसात के चलते बच्चों को कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है, ग्रामीण बताते हैं कि प्राथमिक शाला में वृक्ष था, जिसे स्कूल समिति द्वारा उस पेड़ को कटवाया गया था, जिसके चलते बाउंड्री वॉल टूट गया है जहां खुला हो जाने से अनहोनी होने की आशंका बनी हुई है।मामले में स्कूल समिति अध्यक्ष से जानकारी लेने की कोशिश की गई किंतु उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।



## गूंजन शाला नायक और पियांशु उपशाला नायक बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरडोंगर में छात्र परिषद का गठन किया गया। छात्र परिषद के चुनाव के माध्यम से विद्यार्थियों को लोकतंत्र का महत्व और लोकतंत्र में अपनी वोट की महत्ता को समझाने के लिए चुनाव आयोग की संपूर्ण प्रक्रिया को समझाते हुए चुनाव की तारिख की घोषणा, नामांकन-पत्र दाखिल दिनांक,नाम वापसी, चुनाव प्रचार अभियान, आचार संहिता का पालन एवं मतदान केंद्र चयन,एवं चयनित स्थल का चुनाव हेतु तैयारी, मतदान दल गठन एवं प्रशिक्षण, सामाग्री वितरण, वास्तविक मतदान, वोटिंग हेतु आवश्यक पहचान पत्र,तय समय सीमा में चुनाव, एवं मतगणना , सामाग्री वापसी एवं विजयी उम्मीदवार को विजयी प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। छात्र परिषद हेतु विजयी उम्मीदवार रहे शाला नायक कुं गुंजन साहू, उपशालानायक प्रियांशु ठाकुर, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सचिव वासेदेव, उपस्वास्थ्य सचिव दुष्यंत साहू, विज्ञान सचिव देविका साहू, बागवानी सचिव द्रोण कुमार,खेल सचिव, मयंक,ओम कुमार उपखेल सचिव,कु.सोगिता सांस्कृतिक एवं साहित्यिक सचिव ,गेमेश्वरी साहू,रेडक्रॉस सोसायटी सचिव साहू,थामेश्वर उपसचिव, सूर्यकांत साहू स्काउट सचिव, ओजस्वी सोरी छात्र प्रतिनिधि,तीभा साहू उप छात्र प्रतिनिधि निर्वाचित हुए है।

चुनाव अधिकारी के रुप में विद्यालय में पदस्थ व्याख्याता निर्मल ठाकुर,कांशीराम सोरी केशव मानकर, संजय बंजारे, रामस्वरुप तिवारी, सुमन बंजारे, ओमन मारकंडे, प्रीत बंजारे, ईशु साहु, चीनी दावरे, नितिन यादव, गोविंद उइके, छलना सहारे,बीरम मसियारे, दुर्गा कतलाम सभी ने मिलकर मतदान एवं मतगणना के कार्य का संपादन किया। मुख्य चुनाव अधिकारी के रुप में प्राचार्य बी.के.बहुरुपी एवं कांशीराम सोरी रहे सभी शिक्षकों ने चुने हुए प्रत्याशी को अपने सफल कार्यकाल पूरा करने के शुभकामनाएं प्रेषित कर आगामी समय में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करने की बात कही।

## संभाग स्तरीय शालेय क्रीडा स्पर्धा के लिए खोलझर के छात्र-छात्राएं चयनित



**डौंडीलोहारा।** बालोद के सरयू प्रसाद अग्रवाल इंडोर स्टेडियम में जिला स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 26 जुलाई को हुआ। इसमें पूर्व माध्यमिक शाला खोलझर के छात्र-छात्राओं ने भाग लिये।इसमें 14 वर्ष आयु वर्ग के अंतर्गत बालिका कबड्डी में कांक्षी, डालेश्वरी, योगिता, साक्षी देवांगन, चंचल, उषा, हर्षिखा, साक्षी निर्मलकर ने भाग लिया, जिसमें से संभाग स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता हेतु हर्षिखा, चंचल, योगिता, डालेश्वरी एवं कांक्षी का चयन किया गया।

इसी प्रकार बालक कबड्डी में वरुण, चेतन लाल, दुपेश कुमार, डुमेश्वर, आशीष ने भाग लिया, जिसमें से चेतन लाल को संभाग स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है। 17 वर्ष आयु वर्ग के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोलझर के छात्र चंद्रकांत एवं छात्रा अर्चना का चयन संभाग स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्रधानपाठक अर्जुन लाल देवांगन ने चयनित बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि खेल का हमारे जीवन में बड़ा ही महत्व है। खेल बच्चों की शारीरिक विकास हेतु सहायक पहलू है। खेल से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। संस्था में पदस्थ शिक्षक यमुना प्रसाद खरे, कन्हैया लाल बारले, सुनिता अजगल्ले, हीरा लाल सिन्हा, दया राम चुरेंद्र, राजकुमार चौरसिया एवं निरंजन लाल प्रभारी प्राचार्य ने चयनित बच्चों का गुलाल लगाकर बधाई दी एवं संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन हेतु अग्रिम शुभकामनाएं दी।

## मंडल और सेक्टर कमेटियों का पुनर्गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर





ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरुर के अंतर्गत मंडल कांग्रेस कमेटी कंकालीन बालोदगहन का पुनर्गठन करने मां कंकालीन मंदिर प्रांगण में बैठक आयोजित की गई। छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मंडल, सेक्टर कमेटियों के पुनर्गठन अभियान के तहत सर्वसम्मति से सुमीत राजा राजपूत को पुनः मंडल जोन अध्यक्ष नियुक्त किया गया एवं मंडल कार्यकारणी का पुनर्गठन किया गया।

मंडल प्रभारी दुर्गू राम सिन्हा, प्रभात धुरव ने सभी पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की। बैठक में व्यक्त करते हुए उदयपुर नवसंकल्प शिविर में पारित प्रस्ताव के अनुसार सभी वर्गों को समुचित प्रतिनिधित्व देते हुए बहुत जल्द सेक्टर कमेटियों के कार्यकारिणी को पुनर्गठन करने हेतु दिशा निर्देश दिया गया। मंडल जोन कांग्रेस कमेटी कंकालीन के अंतर्गत सेक्टर अध्यक्षों को पुनः सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाया गया। जिसमें नारागांव सेक्टर अध्यक्ष बल्लाराम कुंजाम, सहप्रभारी रोमनाथ ठाकुर, मोखा सेक्टर अध्यक्ष गुलेंद्र कतलाम, बालोद गहन सेक्टर अध्यक्ष उमर अली, सहप्रभारी राम गुलाम सोम नियुक्त किए गए।

बैठक में ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरुर के अध्यक्ष तामेश्वर साहू, विधायक प्रतिनिधि टोमन साहू, जनपद सदस्य अजीत कुंजाम, सरपंच धानापुरी खोमन सिन्हा, सरपंच बालोदगहन भगवान दास मंचूरिया, सरपंच कन्हारपूरी तेजराम साहू, डामन बेसरा, विधायक प्रतिनिधि तुलेश सिन्हा, रामगुलामसोम, उत्तम साहू, कोमल पड़ौती, रामकुमार, चिंता राम मंडावी, रामभजन यादव, सतीश कुमार, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर मीडिया प्रभारी शिवम कुरैटी सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## मितानिन संघ ने की तीन मागें, 7 अगस्त को प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



स्वास्थ्य मितानीन संघ जिला बालोद ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। मांगें पूरी नहीं होने पर 7 अगस्त से प्रदेश स्तरीय अनिश्चितकालीन काम बंद उग्र धरना–प्रदर्शन करने सम्बन्धी ज्ञापन मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री एवं सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के नाम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बालोद को ज्ञापन सौंपा।

मितानीन संघ के जिलाध्यक्ष माहेश्वरी साहू ने बताया कि छग सरकार मितानिनों की मांगों पर अभी तक गंभीरता पूर्वक विचार नहीं की है। इस समय मांग पूरी नहीं की गई प्रदेश की मितानिनें काम बंद कर उग्र प्रदर्शन करने बाध्य होंगी। संघ ने कहा चुनावी घोषणा पत्र 2023 में वादा किया गया था कि मितानिन कार्यक्रम में कार्यरत मितानिन प्रशिक्षक, प्रदेश फैसिलिटेटर एवं ब्लॉक कोआर्डिनेटर के वेतन क्षतिपूर्ति में 50 प्रतिशत की वृद्धि सहित अन्य कुछ और मांगों को सरकार शीघ्रता शीघ्र पूर्ण करें। ज्ञापन सौंपने वालों में मितानिन संघ के जिलाध्यक्ष माहेश्वरी साहू, ब्लाक अध्यक्ष मीना देवदास, मीना डोंगरे, मीना देवदास, बालोद शहरी मितानिन संघ से राधा कौशिक, चम्पी सिन्हा, ज्योति सोनकर, शिबालाल, संगीता साहू, राजेश्वरी चंदेल उपस्थित थे। मितानिनों ने कहा वे जिले के मितानिन प्रदेश स्तरीय आंदोलन के लिए रायपुर के लिये कुच करेंगे। छत्तीसगढ़ से 75 हजार मितानिनों का जमावड़ा रायपुर में होगा।

## मुख्यमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी, अपराध दर्ज

■ पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध कायम किया



**बालोद/गुण्डरदेही।** वाट्सअप स्टेट्स में राज्य के मुख्यमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ भाजपा में आक्रोश व्याप्त है। उक्त व्यक्ति के खिलाफ भाजपा मण्डल अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री के खि ला फ अपशब्द व जातिगत अभद्र टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए अजाक थाना बालोद में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। मामले में आरोपी के खिलाफ पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं में अपराध कायम कर लिया है। रिपोर्ट दर्ज कराने वाले ग्राम कचांदुर थाना गुण्डरदेही जिला बालोद निवासी युवराज मारकण्डेय पिता जयराम सिंह मारकण्डेय 42 वर्ष ने बताया कि वर्तमान में वह भाजपा मण्डल गुण्डरदेही का अध्यक्ष है, 28 जुलाई को रात्रि 7.41 बजे ग्राम सकरौद पोस्ट माहुद थाना रनचिरई जिला बालोद वीरनारायण साहू पिता बेनूराम साहू द्वारा अपने मोबाइल के वाट्सअप स्टेट्स में राज्य के मुख्यमंत्री व बीजेपी के संबंध में अभद्र व आपत्तीजनक टिप्पणी की है। जिससे मुझे व बी जे पी कार्यकर्ताओं व आम जनता को बुरा लगा एवं आक्रोश व्याप्त है। इस कारण हम अनावेदक के विरूद्व कार्रवाई करने के लिए शिकायत आवेदन पेश किये हैं। शिकायत आवेदन में कहा गया है कि ग्राम सकरौद थाना रनचिरई जिला बालोद निवासी वीरनारायण साहू ने अपने मोबाइल नंबर के वाट्सअप स्टेटस में राज्य के मुख्यमंत्री को अभद्रतापूर्वक कहा है। अपशब्द बोलकर अपमानिक किया है। इसलिए उक्त व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### तिरगा के हायर सेकंडरी स्कूल में मनाई गई स्व. बेलचंदन की जयंती

## दाऊ प्यारेलाल गांधीजी के आदर्शों के सच्चे अनुयायी थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तिरगा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में दाऊ कुर्मी स्वर्गीय प्यारे लाल बेलचंदन जी (पूर्व विधायक धमधा, खेरथा) की जयंती कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुआ।

इस अवसर पर स्व. प्यारे लाल बेलचंदन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया तथा उनके द्वारा किए गए सामाजिक योगदानों को स्मरण किया। विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत गुलमोहल पौधा का पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं की छात्रा भारती साहू (95%) एवं कक्षा 12वीं की भेनेश्वरी साहू (85%) को प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। विद्यालय की स्वच्छता दीदी रसीदा निषाद को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया गांधीग्राम के नाम से प्रख्यात ग्राम तिरगा में स्व: प्यारेलाल बेलचंदन के नेतृत्व में स्वतंत्रता पूर्व से सेवादल का गठन हुआ था। सेवादल द्वारा ग्रामवासियों के श्रमदान से नदी के धार परिवर्तन, समाचार केन्द्र निर्माण, कुंआ, सचिवालय का निर्माण कर इतिहास बनाया गया। अविभाजित म.प्र. में ग्राम तिरगा को आदर्श ग्राम के रूप में पहचान दिलाया। विधायक कार्यकाल में कृषि के लिए नहर निर्माण एवं पर्यावरण के लिए पौधारोपण कार्य में जीवन पर्यन्त समर्पित रहे। दाऊ गांधी के आदर्शों के सच्चे अनुनायी थे।

तत्कालीन विद्वतजनों की संगति में उन्होने गांधी -दर्शन को आत्मसाध किया था। इसी पुरोधा के नाम पर हमारे विद्यालय का नामकरण शासन द्वारा किया गया है। दाऊ की प्रतिमा उनके सुपुत्र गोपेन्द्रकिशोर बेलंचदन के सौजन्य से प्रांगण में स्थापित है। बेलचंदन जी के द्वारा किए गए कार्य अतुलनीय है। साथ ही विधायक ने एक घर में एक सोखता निर्माण व पौधारोपण करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से गोपेन्द्र किशोर बेलचंदन कुलेश्वरी देवांगन (जिला पंचायत अध्यक्ष), राकेश हिरवानी (जिला पंचायत उपाध्यक्ष), दामिनी साहू (जनपद सदस्य), धसिया राम (सरपंच), लिकेश्वर देशमुख (मंडल अध्यक्ष), डीलेश साहू (महामंत्री), मुकेश बेलचंदन विक्की मिश्रा भूपेंद्र बेलचंदन भागवत पटेल (सरपंच), प्राचार्य रामटेके युवराज देशमुख टिकेश्वर देशमुख सुखदेव देवांगन कल्पना देशमुख विनय कुमार देवसिंह ठाकुर (सोसाइटी अध्यक्ष), नोमिन खुटेल (सरपंच), बसंती कौशल गिरवर साहू सुखीत राम मन्नूलाल साहू धनश्याम देशमुख नंदकुमार एवं दुर्गा चौधरी (सरपंच) सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी, जनप्रतिनिधिगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## शिक्षकों का स्थानांतरण निरस्त हो, जनपद उपाध्यक्ष ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी



आदिवासी विकासखंड डोंडी के ग्रामीण अंचलों में संचालित शासकीय शालाओं में शिक्षको की समुचित व्यवस्था व युक्तियुक्त करण के तहत अतिशेष बताकर शिक्षको अन्यत्र ब्लॉक व जिला में किए गए स्थानांतरण को निरस्त करने भोलाराम नेताम उपाध्यक्ष जनपद पंचायत डोंडी ने कलेक्टर बालोद को ज्ञापन दिया। भोलाराम नेताम ने बताया कि डोंडी ब्लॉक में 172 शासकीय प्राथमिक शाला संचालित है जिसमे वर्तमान में शिक्षक के 12 पद रिक्त है और युक्तियुक्तकरण के तहत 26 अतिशेष शिक्षको को डोंडी ब्लॉक से बाहर भेज दिया गया,जब पहले से ब्लॉक में शिक्षको का पद रिक्त है तो अतिशेष शिक्षको को ब्लॉक से बाहर भेजना उचित नहीं है। ब्लॉक में 82 शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला संचालित है जिसमे युक्तियुक्तकरण के तहत 29 शिक्षक अतिशेष बताया गया, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुजरा व भर्रीटोला 36 तथा प्राथमिक शाला चिपरा, बेलरगोंदी, घोटिया, गुजरा, कोटागांव, पटेली, साल्हे, किशनपुरी, खर्रीटोला, में शिक्षको के पद रिक्त बताया जा रहा है। शालाओं में शिक्षको के रिक्त पदों पर संगवारी गुरुजी के पद निर्मित कर 20000हजार रूपए प्रतिमाह मानदेय पर भरे जाएंगे जबकि डोंडी ब्लॉक में अतिशेष शिक्षक उपलब्ध हैं तो उन्हें शालाओं में रिक्त पदों पर नियुक्ति किया जाना चाहिए, संगवारी गुरुजी हेतु नियुक्ति आदेश जारी नही किया जाएगा, अनुभव प्रमाण पत्र नही दिया जाएगा ऐसी स्थिति में संगवारी गुरुजी कितना बेहतर पढ़ाएंगे यह तो नहीं कह सकते, लेकिन उनके मन में कुंठित वातावरण पैदा होगा की एक तरफ नियमित शिक्षक अध्यापन कार्य करेंगे। वही दूसरी तरफ संगवारी गुरुजी भी उतना ही कार्य करेंगे जितना की नियमित गुरुजी करेंगे, उन्हें अवकाश की पात्रता नही रहेगी, शिक्षा के प्रति उनके मन में किया अवधारणा रहेगा। यह वक्त ही बताएगा किंतु यह तो तय है कि संगवारी गुरुजी के नियुक्ति के एक दो माह बाद ही शाला में नियमित शिक्षक की पदस्थापना होने पर संगवारी गुरुजी को शाला छोड़कर जाना पड़ेगा, भोलाराम नेताम ने बताया की संगवारी गुरुजी की नियुक्ति संविदा नियम के तहत किया जाना चाहिए।

खबर संक्षेप



## खाद के लिए किसानों ने किया चक्काजाम

**डौंडी।** आदिवासी ब्लॉक के वनांचल ग्राम आमाडुला में संचालित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति में किसानों को खाद नहीं मिलने से नाराज किसानों ने दो दिन में खाद की आपूर्ति नहीं किए जाने पर मथाई चौक डौंडी के मुख्य मार्ग पर धरना प्रदर्शन करते हुए चक्काजाम किया। इसके बाद तहसील कार्यालय डौंडी में ज्ञापन सौंपा गया। किसानों ने बताया की आमाडुला सहित समीपस्थ ग्रामीण अंचल में 90 प्रतिशत किसान परिवार निवासरत है, जिनका जीवकोपार्जन खेती किसानी है। सोसायटी में खाद नहीं आने से किसान रोपाई जोताई में खाद नहीं डाल पा रहे हैं। प्रशासन को कई बार अवगत कराने के बावजूद भी अनदेखी की जा रही है। ज्ञापन सौंपने के दौरान जनपद सदस्य तुलेश्वर हिचामी, रामभरोसा दर्रो, पीला राम सलाम, मीठा लाल कोसमा एवं क्षेत्र के किसान उपस्थित थे।

## अंबर ने चरवाहों को बांटी खुमारी



**डौंडीलोहारा।** सावन की रिमझिम बारिश का मौसम चल रहा है। गांवों में प्रतिदिन चरवाहों को मवेशी चराने के लिए बारिश का सामना करना पड़ता है, जिससे बचने के लिए पुराने जमाने में खुमरी व कमरा का उपयोग किया जाता था, बांस से बने रंग बिरंगे खुमरी का इस्तेमाल में राऊत समुदाय के द्वारा गाय चराने के लिए किया जाता था। समीस्थ ग्राम संबलपुर के पूर्व सरपंच के पुत्र अंबर निरोटी द्वारा गांव के चरवाहों को फैंसी आधुनिक खुमरी भेंट किया। खुमरी पाकर चरवाहों ने खुशी जताते हुए धन्यवाद दिया।

## संतोष कौशिक बने भाजपा जिला कार्यसमिति के सदस्य

**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी जिला बालोद की कार्यकारिणी में संतोष कौशिक को जिला कार्यसमिति सदस्य बनाये जाने पर सेन समाज मे हर्श का माहौल है। पूरे बालोद जिले से सेन समाज से सेन समाज के जिलाध्यक्ष पूर्व पार्षद संतोष कौशिक के ऊपर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने विश्वास जताया है। हर्ष आभार व्यक्त करने वालो में मुकेश कौशिक, मोहन सेन ढालेश्वर भारद्वाज, घनश्याम कौशिक, जगन कौशिक, विक्की भारद्वाज, बल्ला, लालचंद, नूनीवाल, भिमू सेन, कमलनारायण, झग्गर कौशिक, भीमेश्वरी शांडिल, माया सेन, राधिका सेन उपस्थित थे।



पर्व : नगर में नाग पंचमी पर शोभायात्रा और भजन संध्या का भी किया गया आयोजन

# नाग पंचमी पर शिवभक्ति में डूबा शहर : झमाझम बारिश के बीच मंदिरों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

श्रावण मास के पावन अवसर पर आज नाग पंचमी का पर्व दल्लीराजहरा शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में धार्मिक उल्लास और श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। भोर से ही श्रद्धालुओं की भीड़ शिव मंदिरों और नागदेवताओं की पूजा स्थलों में उमड़ पड़ी।

दल्लीराजहरा में बारिश के बीच भी श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी नहीं आई। झमाझम बारिश के बावजूद शिवालयों में भारी भीड़ देखी गई। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र, पुष्प और नाग-नागिन की मूर्तियों पर विशेष चढ़ावा अर्पित किया।



महिलाओं व बच्चों ने व्रत रखकर नागदेवता की पूजा कर सुख-समृद्धि और परिवार की रक्षा की कामना की। दल्लीराजहरा शहर के प्रमुख शिव मंदिरों—श्री सिद्धेश्वर मंदिर, शिव पार्वती मंदिर, जगन्नाथ मंदिर, और जलाराम मंदिर सहित ग्रामीण अंचलों के ग्राम साल्हे सिघनवाही कोकान बोरगांव चिखली चिखलाकसा बिटाल कुसुमकसा जमही इत्यादि में भी पूजा-अर्चना का विशेष आयोजन किया गया। बच्चों ने नाग पंचमी की लोक कथाएं सुनीं और मिट्टी से बनाए गए नाग देवताओं को पूजते हुए परंपरागत विधि-विधान के साथ पर्व मनाया। नगर में नाग पंचमी की शोभायात्रा और भजन संध्या का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

### नागदेवता को दूध, हल्दी, कुंकुम व चावल चढ़ाए गए

नाग पंचमी के दिन नाग देवता को दूध, हल्दी, कुमकुम और चावल चढ़ाना शुभ माना जाता है। यह पूजा नागों के प्रति श्रद्धा और सम्मान व्यक्त करने का एक तरीका है, और माना जाता है कि इससे सर्पदंश से सुरक्षा मिलती है और कालसर्प दोष भी दूर होता है। व्रतधारी महिलाओं ने सामूहिक पूजन कर कथा सुनी,नगर के बच्चों ने मिट्टी से नाग बनाए, मंदिरों में दिनभर गूंजते रहे हर हर महादेव के जयकारे।

### साफ-सफाई के विशेष इंतज़ाम

प्रेम शुक्ला ,सनत पाठक, पंडितों द्वारा नाग पंचमी की महत्ता बताते हुए कहा गया कि यह पर्व सर्पों को पूजने की प्राचीन परंपरा का प्रतीक है, जो पर्यावरण संतुलन के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। नगर पालिका द्वारा सुरक्षा और साफ-सफाई के विशेष इंतजाम किए गए थे। मंदिरों के बाहर स्वयंसेवकों की तैनाती से व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित रही। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन और युवाओं की सक्रिय सहभागिता भी देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने बारिश में भीगते हुए की पूजा।

## संगीतमय रुद्राभिषेक महामृत्युंजय जाप एवं कालसर्प दोष पूजन का भव्य आयोजन हुआ



**जामगांव आर।** नागपंचमी के पावन अवसर पर जामगांव आर कला मंच बाजार चौक में 29 जुलाई मंगलवार को संगीतमय विशाल रुद्री पाठ रुद्राभिषेक काल सर्प दोष पूजन एवं महामृत्युंजय जाप में शामिल होने छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा सपत्नीक लक्ष्मी सिन्हा के साथ जामगांव आर पहुंचे और रुद्राभिषेक किए। पूजन विद्वान आचार्यों द्वारा कराया जाएगा। इस आयोजन में आचार्य आकाश शास्त्री, आचार्य शेषनारायण चौबे, भगवताचार्य संतोष शर्मा, उमाशंकर शुक्ला, माधव महाराज आदित्य पांडे, अभिषेक शर्मा, नवीन शर्मा, पंडित कान्हा, सिद्ध महाराज, तुषार महाराज का सानिध्य शिव भक्तों को प्राप्त हुआ। स्वागत भाषण देते हुए सरपंच रूपेंद्र शुक्ला ने शिव भक्ति पर प्रकाश डाले। दिए। संस्कृत भारती संगठन मंत्री हेमंत साहू ने संस्कृत की महता पर प्रकाश डाले। आचार्य नरेंद्र साहू ने जामगांव आर में सतत चल रहेसंस्कृत पाठशाला में स्वमेव रुचि लेकर जीवन में संस्कृत की महत्ता को समझने का आव्हान किये। धर्म मन को ऊर्जावान बनाती है। छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने कहा कि धर्म की वातावरण बनने से संस्कार की गंगा बहती है जो संकल्प के साथ आगे बढ़ते है उनको मंजिल दिलाने में ईश्वर की प्राप्ति होती है। पवित्र भाव से कार्य करने पर यश कीर्ति की प्राप्ति होती है। उन्होंने ने कहा कि मन पहले थकता है शरीर बाद में थकता है। मन को ऊर्जावान रखे शरीर साथ देने में पीछे नहीं होती है। और मन को ऊर्जावान बनाने में धर्म महती भूमिका निभाती है। सिन्हा ने



कहा कि जहां धर्म की हानि होती है वहां असुर बढ़ते है आसुरी शक्ति को रोकने के लिए अधिकाधिक धर्म से जुड़े, धर्म को आत्मसात कर जीवन चर्या को व्यवस्थित करे। धर्म जीवन जीने की कला सिखाती है। जनपद सभापति प्रणव शर्मा ने कहा कि धर्म से सदबुद्धि आती है। जिससे जीवन संवरता है। धर्म ही तो है जो जीवन जीने की अच्छी कला सिखाती है। जिनके जीवन में धर्म का प्रभाव नहीं है उनका भटकाव तय है। धर्म से परे होने पर ही गलत कार्य अपना कुप्रभाव जमाती है। नरेश केला ने भी विचार रखे। **इनकी सराहनीय उपस्थिति रही:** खल्लारी विधानसभा के धर्मनिष्ठ भाजपा छाया विधायक मोनिका साहू का स्वागत जनपद सभापति प्रणव शर्मा, सरपंच रूपेंद्र शुक्ला, समाजसेवी कामता प्रसाद साहू, जनपद सदस्य रवि सिन्हा, शासकीय कालेज अध्यक्ष नरेश केला, किशोर साहू, सेजस अधिक अंगेश्वर साहू, शैलेंद्री मंडावी, नंदनी साहू, मीरा चंद्राकर, इवन सिन्हा, नरेंद्र साहू सहित शिव भक्त उपस्थित थे। संचालन कवि केशव साहू ने किया। आभार आकाश महाराज ने किया।

## सावन उत्सव पर हायर सेकंडरी में हुआ पौधारोपण और व्याख्यान माला



**डौण्डीलोहारा।** वनांचल के ग्राम रेंगाडबरी के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सावन महोत्सव का आयोजन शाला प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त प्रधान पाठक पूरनलाल साहू अंबागढ़ चौकी ने कहा कि पर्यावरण बचाने के लिए लाइफस्टाइल में परिवर्तन जरूरी है। सभा को प्राचार्य एमएल शिवने उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेंगाडबरी ने भी संबोधित किया। छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा स्नेक प्लांट का रोपण किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन व्याख्याता एलएल गोटे ने किया। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्राचार्य एवं पीएल साहू द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में व्याख्याता जीआर भुआर्य, आरके ठाकुर, एसके साहू, दामिनी खरे, घनश्याम गौचंद्र, एस रावटे का सराहनीय योगदान रहा।

## मिडिल स्कूल में नागपंचमी मनाई गई

**डौंडीलोहारा।** मिडिल स्कूल चिल्हाटी कला में श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को नाग पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें सभी छात्र-छात्राओं व शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा नाग की विधिवत पूजा अर्चना की गई। प्रधान पाठक रमनलाल धनेन्द्र ने कहा हमारी भारतीय संस्कृति में हिंसक प्राणियों में भी अपना आत्म देव प्रभु निहारकर सदभाव रखने की प्रेरणा देती है। नागपंचमी का यह उत्सव नाग की पूजा तथा स्तुति द्वारा नागों के प्रति नफ़रत व भय को आत्मिक प्रेम व निर्भयता में परिणित करने का संदेश देता है। श्रद्धा व भक्ति से नगदेवता का पूजन करने से उसके परिवार को कभी भी सर्प भय नहीं होता। इस दिन नाग पूजन करते समय बारह प्रसिद्ध नागों के नाम लेकर स्मरण किया जाता है। धृतराष्ट्र, करकोट, अश्वतर, शांखपाल, पदम, कंबल, अनंत, शेष, वासुकी, पिंगल, तक्षक, कालिय नामों का उच्चारण करने से अपने परिवार की रक्षा के लिए



प्रार्थना की जाती है, जो मनुष्य को अपने एक दंश से यमलोक पहुंचा देने में समर्थ है। ऐसे सर्प के प्रति भी मानव के ह्रदय में द्वेष भाव न रहे, जिस परमात्मा की सत्ता से दिखते हैं वहीं परमात्मा सर्प में भी है, इस भावना से नाग पंचमी के दिन नाग की पूजा की जाती है, यही भारत की पवित्र संस्कृति है, यह उत्सव प्रकृति प्रेम को उजागर करता है।

## डॉ. हरिकृष्ण ने पौधारोपण के लिए कलेक्टर के प्रति जताया आभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

निजी चिकित्सक कल्याण संघ जिला बालोद के संरक्षक और जनपद पंचायत गुरुर के सभापति डॉ. हरिकृष्ण गंजीर ने कलेक्टर से मुलाकात कर जिला में वृहद पौधारोपण कार्य करने के लिए कलेक्टर को धन्यवाद दिया और उन्हें रक्तदाता मार्गदर्शिका पुस्तिका भेंट करते हुए संघ के कार्यों की जानकारी दी। डॉ. हरिकृष्ण गंजीर ने बताया कि निजी चिकित्सक कल्याण संघ के तत्वावधान में बालोद जिला के किसी भी मरीज की ब्लड की कमी से मौत ना हो यह संकल्प लिया गया है। उन्होंने बताया की मैं स्वयं 44 बार रक्तदान देकर और हजारों युवाओं को रक्तदान दिलवा कर मरीजों की जान बचाने सेवारत हूं। बालोद जिले के जितने भी चिकित्सक हैं वे सभी रक्तदान महादान जैसे महा अभियान में भाग लेते हैं और सभी चिकित्सक मरीजों की जान बचाने के लिए अहम भूमिका निभाते हैं। सितंबर में चिकित्सा सम्मेलन एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। इसमें कलेक्टर को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया।

# विजय दिवस पर आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई।

विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य टी.सी. मंडावी ने कारगिल के वीर शहीदों को याद करते हुए युवाओं को देश सेवा और देश भक्ति के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति, कविता पाठ, नाटक की प्रस्तुति की गई। जिससे वातावरण देशभक्ति से ओत प्रोत हो गया। कार्यक्रम को वाईके.साहू, एम.टंडन, एचके.साहू, केएल,कुर्रे ने संबोधित किया और विद्यार्थियों को देश भकि, राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी आरएन.साहू ने कारगिल विजय दिवस के कार्यक्रम का संचालन किया। विद्यार्थीयो ने राष्ट्रप्रेम से ओत प्रोत गीत का प्रस्तुतीकरण किया। माता कर्मा कला वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय गुण्डरदेही के स्वयंसेवक रुद्रप्रताप साहू, रोशन साहू ने कारगिल विजय दिवस पर अपने सारगर्भित उदगार प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अंजू साहू, फनीशा सिंहा, सोनिया, नीतीश साहू, कविता साहू, जिज्ञासा साहू, एवं अन्य विद्यार्थियों ने अपने विचार रखे। अंजू साहू 12वी कला ने कारगिल विजय दिवस पर व्याख्यान दिए साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना परिवार एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा पौधारोपण किया गया।

# भाजपा जिला अध्यक्ष बने चेमन देशमुख



**डौंडी।** भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने अपनी कार्यकारिणी घोषित कर दी है। इसमें सभी नगर व जनपदों के कई नेताओं को जगह मिली है। डौंडी मंडल के भाजपा नेताओं को जगह देने से भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर हैं। सभी निर्वाचित सदस्यों ने जिला अध्यक्ष सहित सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार माना।

जिला संघगठन में मजबूती लाने और भाजपा के योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मनीष झा को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सोमेश सोरी को भी मंत्री पद देकर कार्यकारिणी में जगह मिली है। क्षेत्र के नेता दिनेश अग्रवाल उनको जिला कार्यकारिणी में स्थान मिलने पर सभी कार्यकर्ताओं में उत्साह है। जिला टीम में जगह मिलने पर बधाई देने वालों में एकता व्यापारी संघ अध्यक्ष ओम गोलछा, मंडल अध्यक्ष रुपेश नायक, मोहन्ति चौरका, संजीव मानकर, मुकेश कौड़ो, पिन्टू जैन, रुपेश जैन, नीलेश जायसवाल, राधिका भारद्वाज, पवन साहू,विशाल जैन, हिंसा राम साहू, पुनम जैन आदि कार्यकर्ता शामिल हैं।

## गांजा बेचने वाले दो गिरफ्तार, भेजा जेल

**भिलाई।** अवैध रुप से गांजा बेचने वाले दो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि अहिवारा रेल्वे कॉलोनी और ग्राम ओखरा नंदनी नगर से गांजा छिपाकर रखने वाले रेल्वे कॉलोनी अहिवारा निवासी मेरी जॉर्ज , अखोरा नंदनी पोप चंद मारकण्डे को पकड़ा गया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने सफेद रंग की पॉलीथीन में पेपर कागज में 9 पुड़िया वजनी 1.107 किलोग्राम 12 हजार रुपए का बिक्री रकम 1,470 जब्त किया। इसके अलावा एक सफेद छीटदार थैला से वजनी 0.489 किग्रा गांजा, बिना थैला के 0.467 किलाग्राम 6 हजार का, बिक्री रकम 1,100 रूपये जब्त किया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, खेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

नगर में कथा वाचक पं. राघव मिश्रा की भागवत कथा जारी

# भगवान शिव को पाना है तो निर्मल मन और समर्पण भाव जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भगवान शिव की इच्छा के बिना कोई काम संभव नहीं है। ईश्वर सबके भीतर है, बाहर ढूंढने की जरूरत नहीं है। घर में भी एकता के साथ रहे तो घर अपने आप स्वर्ग बन जाता है और भगवान का भजन इतना करो कि गलत समय ही ना आए।

उक्त विचार नगर के माहेश्वरी भवन में आयोजित संगीतमय शिव महापुराण के पांचवें दिन प्रसिद्ध कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा के पुत्र कथा वाचक पं. राघव मिश्रा ने व्यक्त किए। कथाकार मिश्रा ने कथा प्रसंग में कहा प्रयास करो कि भगवान का मंदिर कभी न छूटे, मंदिर के शिखर दर्शन से सब पाप समाप्त हो जाते हैं। उन्होंने कहा सबके अंदर भगवान हैं, बस उसे खोजने की देरी है। उन्होंने कहा भक्ति में दिखावा मत करो, भगवान भोलेनाथ दिखावा आडम्बर से प्रसन्न नहीं होते हैं, उनको पाने निर्मल मन समर्पण भाव की जरूरत होती हैं। उन्होंने कहा जीवन में किसी का कर्ज बाकी नहीं रखना चाहिए। अंत समय में लकड़ी की आवश्यकता सभी की पड़ती है, इसलिए लकड़ी का कर्ज चुकाने के लिए जीवन में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, चाहे वो आम का, इमली, नीम कोई भी हो। उन्होंने कहा आपके हाथ से लगाया गया बेल का पौधा जिसकी बेलपत्र लोग लेकर जाएंगे जो भगवान शंकर के शिवलिंग पर अर्पित किया जाएगा। उसका पुण्य भी बेलपत्र का पौधा लगाने वाले को प्राप्त होता है। उन्होंने बताया आपके हाथ से लगाया हुआ बेलपत्र का पौधा बड़ा होता है और उसमें का बेलपत्र भगवान शिव के मंदिर तक पहुंच जाता है तो ये पक्का हैं, महादेव आपको कैलाश धाम में बुला लेगा।



उन्होंने कहा बेलपत्र के वृक्ष नीचे जल चढ़ा कर उस जल को हम अपने ऊपर छिड़क लेते हैं तो गंगा, जमुना, सरस्वती, गोदावरी सरयू, नर्मदा आदि नदियों में स्नान करने का पुण्य मिल जाता है। कथा में कुंदकेश्वर महादेव के प्राकट्य दिवस मनाया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
4 सितंबर, 15 सितंबर, 22 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर 2025, 2 मई 2026
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411